खरीफ सीजन : 75 फीसदी बुआई, जुलाई अंत तक शत-प्रतिशत का अनुमान

नवभारत न्यूज

बैतूल, 13 जुलाई. मानूसन के सक्रिय होने के बाद खरीफ फसलों की बोवनी ने रफ्तार पकड़ ली है। कृषि विभाग के अनुसार जिले के 75 फीसदी क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई हो चुकी है। उम्मीद है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह तक फसलों की बुआई का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो जायेगा।

मानसून के देरी से आने से प्रभावित हुआ कार्य

जिले में अब तक 3 लाख 41 हजार हेक्टेयर में बुआई

इस वर्ष कृषि विभाग ने खरीफ फसल के लिए जो रकबा तय किया है, उसमें 540 हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की है। पिछले साल जिले में खरीफ फसल का कुल रकबा 4 लाख 55 हजार 510 हेक्टेयर तय किया था, जो इस साल बढ़ाकर 4 लाख 56 हजार 050 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों की माने तो इस साल बुआई कार्य में देरी का मुख्य कारण मानसून है। मानसून समय पर नहीं आने से फसलों की बुआई में देरी हुई है। हालांकि किसानों ने खेत बनाने का कार्य काफी समय पहले प्रारंभ कर दिया था। किन्तु मानसून लगभत 15 दिन देरी से जिले में पहुंचा। जिसकी वजह से बुआई कार्य पिछड़ गया। अब जैसे ही मानसून ने दस्तक दी, किसानों ने बुआई कार्य प्रारंभ कर दिया है।

540 हेक्टेयर बढ़ा खरीफ फसल का रकबा : जिले में जहां खरीफ सीजन की कुछ फसलों का रकबा बढ़ाया है, वहीं कुछ फसलों का रकबा कम भी किया है। इस साल धान का रकबा 42.872 से बढ़ाकर 44.000 कर दिया है, वहीं कोदोकुटकी का रकबा पिछले साल 0.639 हेक्टेयर था, वहीं इस साल कोटोकुटकी का रकबा बढ़ाकर 1.000 हेक्टेयर किया है। इसी प्रकार उड़द, मूंग, योग दलहन, तिल, रामतिल, मूंगफली, सोयाबीन, तिलहन, कपास का रकबा बढ़ाया है, वहीं ज्वार के रकबे में कमी की है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरीफ वर्ष 2025 में जिले में मक्का का रकबा 3 लाख 93 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2026 में बढ?र 3 लाख 1 हजार 500 हेक्टेयर करने का लक्ष्य तय किया है। सोयाबीन का रकबा 93 हजार 846 हेक्टेयर से बढ़ाकर 95 हजार हेक्टेयर प्रस्तावित किया है।

विभाग का दावा, पर्याप्त मात्रा में मिलेगा किसानों को खाद : जिले में खाद के भंडारण के आंकड़े भी उपलब्धता का दावा मजबूत करते हैं। कृषि विभाग के अनुसार जिले को अब तक 92053 मेट्रिक टन खाद मिल चुकी है, जिसमें से विभाग ने 65253 मेट्रिक टन खाद का वितरण कर दिया है, वहीं 26900 मेट्रिक टन खाद का स्टॉक विभाग के पास उपलब्ध है। बताया जा रहा है कि यूरिया का 56420 एमटी भंडारण किया गया था, जिसमें से 42518 एमटी यूरिया का वितरण किया गया, वहीं 13902 एमटी यूरिया स्टॉक में मौजूद है।

> जिले में खरीफ फसल की बुआई का कार्य चल रहा है। लगभग 75 फीसदी बुआई हो चुकी है। धान की रोपाई में थोड़ा समय लगता है। फिर भी उम्मीद है कि जुलाई के अंत तक शत प्रतिशत बुआई का कार्य पूर्ण हो जायेगा।
>
> – **रामगोपाल रजक,** उप संचालक, कृषि विभाग, बैतूल

बारिश के कारण बुआई कार्य हुआ प्रभावित

खरीफ फसल की बुआई में देरी का एक बड़ा कारण जून के अंतिम सप्ताह तक भी मानसून के सक्रिय न होना है। एक जुलाई के बाद जिले में बारिश का दौर शुरू हुआ। जिसके बाद किसानों ने बुआई कार्य की शुरूआत की। पर्याप्त बारिश होने के इंतजार में कई किसान बुआई कार्य से पिछड़ गये। हालांकि किसानों ने मृग नक्षत्र के शुरूआत में ही खेत बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया था। खाद-बीज की व्यवस्था कर ली थी, किन्तु मानसून की देरी से बुआई नहीं हो सकी। वैसे 1 जुलाई के बाद ही जिले में अच्छी बारिश हुई। खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद किसानों ने बुआई कार्य प्रारंभ किया। जिससे बुआई कार्य में देरी हुई।

जिले में 3,41,700 हेक्टेयर में बोवनी पूर्ण

जिले में अब तक 3,41,700 हेक्टेयर यानि करीब 75 फीसदी बोवनी कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें धान की बुआई 20 हजार हेक्टेयर, ज्वार 600 हेक्टेयर, मक्का 2 लाख 40 हजार हेक्टेयर, उड़द 800 हेक्टेयर, मूंग 100 हेक्टेयर, अरहर 5500 हेक्टेयर, तिल 100 हेक्टेयर, मूंगफली 4400 हेक्टेयर, सोयाबीन 70 हजार हेक्टेयर और कपास की 200 हेक्टेयर में बुआई की जा चुकी है। वैसे जानकारों के अनुसार खरीफ फसल की बुआई का कार्य जून के द्वितीय सप्ताह से अंतिम सप्ताह तक पूर्ण हो जाना चाहिए, लेकिन इस बार मानसून की देरी की वजह से बुआई कार्य लगभग 15 से 20 दिन पिछड़ गया। जिसे देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को दलहनी फसलों की बुआई करने की सलाह दी है। कृषि विभाग का कहना है कि मक्का-सोयाबीन को पकने में लंबा समय लगता है। चूंकि इस बार बुआई देरी से हुई है, ऐसे में किसान दलहनी फसलों की बुआई करे।

एक नजर में

डायरिया कैंपेन 14 जुलाई से होगा प्रारंभ

बैतूल। दस्तक अभियान प्रथम चरण सह स्टॉप डायरिया कैंपेन जिले में 14 जुलाई से प्रारंभ होगा, जो 31 अगस्त के तक संचालित किया जाएगा। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जगदीश घोरे ने बताया कि इस दौरान एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष की आयु वाले बच्चों के घर-घर जाकर दस्त रोग के नियंत्रण के लिए ओआरएस पैकेट, जिंक टेबलेट की प्रदायगी एवं सामुदायिक जागरूकता की जाएगी। अभियान के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक सभी बच्चों को आयु अनुसार विटामिन ए अनुपूरण, डीएसएस टूल के माध्यम से 5 वर्ष से कम आयु के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान तथा चिकित्सीय जटिल बच्चों का रेफरल एवं संस्थागत उपचार, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए अनुपूरण किया जाएगा।

कांग्रेस का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर

बैतूल। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत 17 और 18 जुलाई को जैन दादावाड़ी में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में होने वाले इस शिविर में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्ष भाग लेंगे। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और पदाधिकारियों को वैचारिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से यह आवासीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सहप्रभारी उषा नायडु और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। इनके अलावा जिला प्रभारी सुनील उइके तथा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण देंगे। टीम में भूपेन्द्र पुरावत, ललित सेन, प्रोमिल मित्रा और आदित्य परिहार शामिल रहेंगे। इसके साथ ही पांचों विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी गोपालकृष्ण शर्मा, सुभाष देशमुख, आनंद राजपूत रामू टेकाम, गोविन्द व्यास, लवलेश बब्बा राठौर, हुजैफा वोहरा और समीर खान प्रशिक्षण में शामिल होंगे।

वृंदावन ग्राम योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में वीबीरामजी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास प्लस, अनुग्रह सहायता, संबल पंजीयन, मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना सहित विभिन्न विकास कार्यों की जनपदवार प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम बोरदही, खेड़ी सांवलीगढ़, हीवरखेड़ एवं भौरा में कार्ययोजना के अनुसार पशुपालन, महिला एवं बाल विकास सहित संबंधित विभागों के समन्वय से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री आवास प्लस के अंतर्गत आवास निर्माण में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने भैंसदेही विकासखंड के ब्लॉक कॉर्डिनेटर की सेवा समाप्ति की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैंसदेही को भी सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी समीक्षा बैठक तक अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। चिचोली, घोड़ाडोंगरी एवं भीमपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी लंबित आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अटल ग्राम सेवा सामुदायिक भवनों के स्वीकृत कार्यों को फर्नीचर की उपलब्धता सहित शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण में विलंब पर भीमपुर के सहायक यंत्री को एक वेतनवृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा पंचायत कान्हावाड़ी एवं ग्राम खामला के सरपंचों को नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

आउटसोर्स कामगारों का हो रहा है शोषण : भारती

सारनी। जिले की सबसे बडी नगर पालिका में आउट सोर्स के जरिये काम रखे गये मजदूरों का खुलेआम शोषण कर रही है। नपा मे शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी का भुगतानहीं किया जा रहा है। उपरोक्त आरोप ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने एक दिवसीय भूख हड़ताल को संबोधित करते हुए व्यक्त किये है। सोमवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने नपा मे आउट सोर्स पर रखे गये मजदूरों को पूरा वेतन देने की मांग को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल की। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने नपा सीएमओ हितेश शाक्य को ज्ञापन देकर मजदूरों को पूरा वेतन देने की मांग की है। ब्लाक अध्यक्ष श्री भारती ने कहा कि नगर पालिका में कार्यरत ठेका मजदूरों को भविष्य निधि ऐप भरने में भी अनियमित बरती जा रही है, इससे तो यह प्रतीत हो रहा है कि नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी जानबूझकर किसी ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से मजदूरों का शोषण कर रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप नागले एवं सुरेश पंड्या ने कहा कि मजदूरों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया और उन्हें उचित वेतन एवं उनका इपीएफ नहीं दिया गया तो यह आंदोलन निरंतर चलता रहेगा।

मां ताप्ती जन्मोत्सव पर 18 जुलाई को निकलेगी जन जागरण रैली

मुलताई। पवित्र नगरी में नगरपालिका द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर मां ताप्ती जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पहले दिन 18 जुलाई को जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमे स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित स्कूलों के विद्यार्थियों सहित शिक्षकों की भी सहभागिता होंगी। तीन दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सोमवार को शाम नगरपालिका सभा कक्ष में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार, सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, पार्षद डॉ जीए बारस्कर, अजय यादव, सुरेश पौनीकर, शिल्पा शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष वर्षा गढेकर सहित शिक्षक गण उपस्थित थे। बैठक में संस्था से कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओ की सूची 16 जुलाई तक नगरपालिका में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। गए ।निर्धारित कार्यक्रमो में 18 जुलाई को गायत्री मंदिर से विद्यार्थियों द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनजागरण रैली निकाली जाएगी जो फव्वारा चौक से गांधी चौक होते हुये थाने के सामने से, बस स्टेण्ड होते हुए नपा पहुंचेगी, जहां रैली का समापन होगा।

ओवरलोड और अवैध परिवहन में संलिप्त 3 वाहन जप्त

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमले द्वारा गौण खनिजों के अवैध परिवहन, ओवरलोड परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ घोड़ाडोंगरी क्षेत्रांतर्गत खनिज गिट्टी के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त 01 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 04 एचई 6837 को जप्त कर पुलिस थाना घोड़ाडोंगरी की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसी प्रकार 13 जुलाई को खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ तहसील बैतूल अंतर्गत ग्राम खेड़ीसांवलीगढ़ के पास से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन जॉन डियर ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 47एम 1882 एवं सोनालिका ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर पुलिस चौकी खेड़ीसांवलीगढ़ की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है।

दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

मुलताई। नगर के सरकारी अस्पताल में सोमवार को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेंद्र मीणा द्वारा दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी एएनएम,सी एचओ तथा सेक्टर सुपर वाइजर उपस्थित रहे। दस्तक अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक चलेगा,जिसमें 5 वर्ष तक बच्चों की डायरिया, न्यूमोनिया, एनीमिया , गंभीर कुपोषण, गंभीर डिहाइड्रेशन की स्क्रीनिंग कर स्वास्थ्य प्रबंधन करना एवं रेफर किया जाना है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर जाकर सेवाएं दी जाएगी। प्रत्येक 5 वर्ष तक बच्चे को दो ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक टैबलेट दी जाएगी ।प्रशिक्षण में जिला से अंतरा फाउंडेशन से वंदना भी उपस्थित रहीं। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं सेवाएं से संबंधित जानकारी दी गई। बीईई चंद्रकला डोंगरे ने जनसंख्या दिवस 11 जुलाई से 18 जुलाई तक मनाए जाने की जानकारी देते हुए परिवार कल्याण से संबंधित लक्ष्य दंपत्ति से संपर्क कर गर्भनिरोधन के अस्थायी साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी।

ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए पौधारोपण आवश्यक

बैतूल। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समाज के वंचित, पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर सामाजिक और जन-कल्याणकारी कार्य सेवा प्रकल्प चलाती है।

जिसमें शिक्षा क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवा, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास, सामाजिक समरसता और संस्कार आदि हैं। विगत दिनों से विहिप बजरंग द्वारा जिले में निरंतर सेवा कार्य किए गए। जिसके तहत गुरुद्वारा में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनेक प्रजाति के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बैतूल प्रधान बंटी अहलुवालिया ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और अनियमित जलवायु को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण आवश्यक है। इस अवसर पर प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे, जिला संयोजक शुभम यादव, जिला सुरक्षा प्रमुख सतनाम सिंह बावरा, किशोर छोटे प्रखंड उपाध्यक्ष, अमित पवार प्रखंड सहसंयोजक सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

बैतूल में ट्रक पार्किंग के अभाव से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

बैतूल। शहर में ट्रकों के बढ़ते दबाव और पार्किंग की गंभीर समस्या को लेकर बैतूल ट्रक एंड ट्रांसपोर्ट यूनियन ने कलेक्टर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए उपयुक्त भूमि आवंटित करने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि जिले में वर्तमान में 400 से 600 बड़े ट्रक संचालित हो रहे हैं, लेकिन उनके व्यवस्थित ठहराव, रखरखाव तथा लोडिंग-अनलोडिंग के लिए पर्याप्त एवं सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं है, जिससे परिवहन व्यवस्था के साथ-साथ शहर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। यूनियन ने ज्ञापन में बताया कि पार्किंग स्थल के अभाव में ट्रकों को मुख्य सड़कों एवं अन्य स्थानों पर खड़ा करना पड़ता है, जिससे ट्रैफिक बाधित होता है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खुले स्थानों पर वाहन खड़े रहने से ट्रकों और उनमें लदे माल की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। वहीं, व्यवस्थित लॉजिस्टिक्स हब नहीं होने से समय पर माल की लोडिंग और अनलोडिंग में देरी होती है, जिसका सीधा असर परिवहन कार्य की कार्यक्षमता पर पड़ता है। यूनियन ने यह भी कहा कि भारी वाहनों के अव्यवस्थित संचालन से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ट्रांसपोर्ट नगर की मांग यूनियन कई वर्षों से लगातार उठाती आ रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000057/2026)

मोनिका उर्फ मनोती.....वादी
Vs
गीता .....प्रतिवादी

Process Id-646/2026
पेशी दिनांक : 14/07/2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण आम जनता
यह कि प्रार्थी मोनिका उर्फ मनोती पिता बिरजलाल पति का नाम आनंदीलाल निवासी ग्राम घीसी तहसील आमला जिला बैतूल हाल निवासी 59 ए रोज टाउन, भारत पेट्रोल पंप के पास मुबारकपुर भोपाल जिला भोपाल म0प्र0 ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते वादी के सही नाम हेतु उद्घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 30 जून 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(गार्गी शर्मा), न्यायाधीश
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनष्ठि खंड
आमला, जिला बैतूल (म.प्र.)

बैठक | **जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सतर्कता बरतें**

छात्रावासों में गुणवत्तापूर्ण भोजन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जनजातीय कार्य, लोक निर्माण, वाणिज्यिक कर, सामाजिक न्याय एवं श्रम विभाग सहित अन्य विभागों को लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टाइम-लिमिट एवं जनसुनवाई के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। लोक सेवा गारंटी के समय-सीमा से बाहर गए प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को जिले के सभी छात्रावासों में ई-लर्निंग टूल्स एवं लाइब्रेरी का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित डाइट चार्ट के अनुसार विद्यार्थियों को प्रतिदिन नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि का गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को सभी विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला परियोजना समन्वयक को नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत सामाजिक चेतना केंद्रों का प्रभावी संचालन कर वयस्कों के लिए आधारभूत शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के लिए कहा। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में समग्र आईडी एवं आधार निर्माण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा पात्र हितग्राहियों के समग्र आईडी एवं आधार प्राथमिकता से बनवाने के निर्देश दिए। ई-गवर्नेंस सेवाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को समग्र आईडी, संबल पंजीयन एवं आधार जैसी सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी न हो। जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को नल-जल योजनाओं एवं पेयजल व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। पेयजल स्रोतों का नियमित क्लोरीनेशन कराने तथा स्वास्थ्य विभाग को जलजनित बीमारियों की रोकथाम के संबंध में स्वास्थ्य अमले का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरण में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भी निर्देशित किया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नेतृत्व करते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करने तथा जनपद सीईओ एवं सीएमओ के साथ क्लस्टर स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

आरोप : रंजिता की बहन ने लगाए गंभीर आरोप

आमला। रंजिता यादव की संदिग्ध मौत के मामले में अब पुलिस की कार्रवाई भी सवालों के घेरे में है। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपियों के पुलिस गिरफ्त से बाहर रहने पर मृतका के परिजन लगातार निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। मृतका की बहन द्वारा जारी वीडियो के बाद पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। वीडियो में उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में आरोपियों को कार्रवाई से बचने का अवसर मिला। परिजनों का कहना है कि उन्हें पहले से आशंका थी कि 8 जुलाई को एफआईआर दर्ज होगी। उनका दावा है कि यदि पुलिस को भी इसकी जानकारी थी तो संभावित आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखने या उन्हें कानून के दायरे में बनाए रखने के लिए समय रहते आवश्यक कदम क्यों नहीं उठाए गए। उनका कहना है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस 10 जुलाई को आरोपियों के घर पहुंची, लेकिन तब तक घर पर ताला लगा मिला और आरोपी वहां से जा चुके थे। मृतका की बहन ने वीडियो संदेश में आरोप लगाया है कि परिवार को शुरू से ही आशंका थी कि प्रभावशाली लोगों का दबाव जांच को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस से घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित करने की मांग भी की गई थी, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं हुई।